# अच्छी सेहत का राज,
# साफ सुथरा जल सबको मिले यही है प्रयास।

### प्लांट लगाने का टेंडर हो चुका, सर्वेक्षण अंतिम दौर, दूर होगी समस्या

## हुसैनाबाद में 48 करोड़ रुपए से बनेगा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सभी वार्डों में मिलेगा शुद्ध जल

परमानंद चौधरी | हुसैनाबाद

हुसैनाबाद शहर वासियो के लिए एक अच्छी खबर है। हुसैनाबाद शहर को हर घर को शुद्ध एवम स्वच्छ जल आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त हो चुका है। एशियन डेवलमेंट बैंक की 48 करोड़ की लागत से हुसैनाबाद शहर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगेगा,जिससे शहर के सभी वार्डों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी। उक्त बातें बुधवार को नगर अध्यक्ष शशि कुमार एवम उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्धिकी ने संयुक्त रूप से कही। नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद शहर में लगने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के लिए टेंडर हो चुका है। उन्होंने बताया कि 48 करोड़ की लागत से बनने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का सर्वेक्षण अंतिम दौर में है। उन्होंने बताया कि उक्त वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा सोन नदी से पाइप के द्वारा पानी उठाकर शहर के रामपुर उर्फ मेंहदीनगर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में लाया जाएगा,इसके बाद उक्त पानी को शुद्ध व स्वच्छ कर शहर के तीन स्थानों पर बनने वाले जलमीनार में भेजा जाएगा।इसके बाद हर घर के नलों तक पहुचाने की योजना है।उन्होंने बताया



जानकारी देते नगर अध्यक्ष,उपाध्यक्ष।

### किस खाता में क्या बनेगा

हुसैनाबाद शहर के खाता जपला धरहरा के खाता संख्या 16 प्लॉट संख्या 192 रकबा 22 डिसमिल जलमीनार,सैदाबाद के खाता संख्या 52 प्लॉट संख्या 523 रकबा 20 डिसिमिल,जपला चौबे के खाता संख्या 219 प्लॉट संख्या 419 रकबा 22 डिसमिल व मेंहदीनगर के खाता संख्या 14/15 प्लॉट संख्या 98/75 ...

### शहर में कहां- कहां बनेंगी जलमीनार

हुसैनाबाद शहर के रामपुर उर्फ मेंहदीनगर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगेगा। इसके अलावे जपला चौबे, सैदाबाद व जपला धरहरा में जलमीनार की बनेगी। इन जलमीनार से शेष वार्ड के घरों में पानी पहुंचाया जाएगा।

### सीमांकन करने का निर्देश मिला है

नगर विकास विभाग ने हुसैनाबाद अंचल को एक पत्र देकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व तीन जलमीनार बनाने वाले जमीन की सीमांकन कर हुसैनाबाद नगर पंचायत को एक रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA